भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4899
01 अप्रैल, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सीजीएचएस संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी

4899. श्री संजय जाधव:
श्री भर्तृहरि महताब:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नई दिल्ली के द्वारका में केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों/औषधालयों की भारी कमी है;

(ख) यदि हां, तो दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में ऐसे सीजीएचएस संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या, इन केंद्रों में नियुक्त डॉक्टरों और इनमें पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पूरी दिल्ली की तुलना में द्वारका के औषधालयों में डॉक्टर-रोगी अनुपात कितना है;

(घ) क्या सरकार ने नई दिल्ली के द्वारका में सीजीएचएस में नामांकित मरीजों के समक्ष आ रही समस्याओं के संबंध में कोई अध्ययन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड) सरकार द्वारा नई दिल्ली के द्वारका में औषधालयों/संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ङ): केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) आरोग्य केंद्र खोले जाने पर मौजूदा मानदंडों के अनुसार विचार किया जाता है और यह योजना के तहत संसाधनों की उपलब्धता के अधीन होता है। सेक्टर-9 और सेक्टर-23, द्वारका, नई दिल्ली में में दो सीजीएचएस आरोग्य केंद्र हैं। सेक्टर-9 के आरोग्य केंद्र में सात डॉक्टरों द्वारा 1,22,754 रोगियों को देखा गया था। कैलेंडर वर्ष 2021 में सेक्टर-23 के आरोग्य केंद्र में पांच डॉक्टरों द्वारा 80,637 रोगियों को देखा गया था।

स्टाफ इंस्पेक्शन यूनिट (एसआईयू) के मानदंडों और कार्यभार की आवश्यकता के अनुसार डॉक्टरों की तैनाती की जाती है। आरोग्य केंद्रों का आवधिक दौरा/निरीक्षण संबंधित अपर निदेशक द्वारा किया जाता है।

रोगियों को सुविधा प्रदान करने और आरोग्य केंद्रों में भीड़ कम करने उद्देश्य से सीजीएचएस ने विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा टेली-परामर्श की शुरुआत की है। पुरानी प्रबंधयोग्य बीमारी वाले रोगियों को कई महीनों तक की दवा लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाता है।

******